भारतीय गैर न्यायिक

दस रुपये रु.10 — TEN RUPEES Rs.10

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 21AE 077328

समक्ष :– विद्वान सम्मानित जनपद न्यायाधीश,
बुलन्दशहर।

शपथपत्र मिनजानिब–राकेश दीक्षित एडवोकेट आयु 67 वर्ष पंजीकरण सं0–यू0पी0–3276 / 1978, सी0ओ0पी0नं0–101737 पुत्र स्व0 श्री कुंजबिहारी लाल दीक्षित निवासी–एल0आई0जी0–833, आवास विकास कालोनी प्रथम, डी0एम0रोड़, बुलन्दशहर कार्यालय–चैम्बर नं0–90, ब्लॉक–के, कलैक्ट्रेट परिसर बुलन्दशहर।

मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि :–

1. यह कि मेरा उपरोक्त लिखित नाम व पता सब सच व सही है।
2. यह कि जैसा कि आपके संज्ञान में भली–भांति है कि विद्वान ए0डी0जे0 प्रथम बुलन्दशहर के विरूद्व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन बुलन्दशहर व सिविल बार एसोसिएशन बुलन्दशहर ने बिना किसी कारण के, बिना औचित्य के बिना जनरल बॉडी की मीटिंग बुलाये एक दिन की हड़ताल दिनांक 22.03.2021 को कर दिया।
3. यह कि इस हडताल का उदेदश्य मात्र पूर्ण न्यायपालिका पर यह दबाव बनाना था कि बार के पदाधिकारी ही सर्वे–सर्वा है उनकी बातें चाहे गैर कानूनी हो माननी पडेगीं।
4. यह कि आप स्थिति से विधिक है कि दोनों बार के पदाधिकारी ब्रीफलैस हैं।
5. यह कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन बुलन्दशहर का चुनाव गैर कानूनी प्रक्रिया से पूर्ण हुआ। इसका रेफरेन्स एस0डी0एम0 सदर बुलन्दशहर के यहां चल रहा है।